# प्रारूप –एक

(नियम 11 देखिये)

## कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, कोरबा

### अधिसूचना

भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर तथा पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 4 सहपठित नियम 7 के अंतर्गत

नीचे अनुसूची में उल्लेखित भूमि का अर्जन लोक प्रायोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा आशयित है, अर्थात:–

| जिला | तहसील | ग्राम / नगर | क्षेत्रफल | लोक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| कोरबा | कटघोरा | रंजना | 0.349 हे | झोकानाला जलाशय के नहर निर्माण हेतु (पुरक) |

उपरोक्त उल्लेखित भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण के अध्ययन हेतु जन सुनवाई दिनांक 03/04/25 को समय 12.00 बजे से स्थान सामुदायिक भवन रंजना पर नियत की गई है। प्रस्तावित भूमि का अर्जन का अन्य विवरण निम्नानुसार है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | लोक प्रयोजन का संक्षिप्त विवरण | झोकानाला जलाशय के नहर निर्माण हेतु (पुरक) |
| 2 | प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या | 04 परिवार |
| 3 | अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या | 04 परिवार |
| 4 | प्रभावित क्षेत्र में निजी मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या | निरंक |
| 5 | प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या | निरंक |
| 6 | क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है ? | हाँ |
| 7 | क्या संभव विकल्पों और इसकी साध्यता पर विचार कर लिया गया है ? | हाँ |
| 8 | परियोजना की कुल लागत | रू0 129.70लाख |
| 9 | परियोजना से होने वाले लाभ | परियोजना से 182 हे में खरीफ सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जावेगी |
| 10 | प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिये उपाय तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय | प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिये संभावित उपाय किये जा रहे है तथा उसपर होने वाला संभावित व्यय का प्रावधान किया गया है। |
| 11 | परियोजना द्वारा प्रभावित होने वाले अन्य घटक | निरंक |

उपरोक्त भूमि अर्जन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई जानकारी / सुझाव देना हो, तो विहित तिथि / समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कटघोरा (छ. ग.)

(अजीत वसंत)
कलेक्टर
जिला –कोरबा
एवं पदेन उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग